भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

[वि.अ.आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन भावी मानित विश्वविद्यालय घोषि

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग, तिरुवनंतपुरम - 695 547

सत्यमेव जयते

निष्णात एवं स्नातक उपाधिधारियों के लिए आईआईएसटी पीएचडी कार्यक्रम - जनवरी - 2017

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान का लक्ष्य है- सामान्य रूप से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा विशेष रूप से भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास की अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए बुनियादी एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान कार्य । यह संस्थान जीवंत अनुसंधान वातावरण एवं डॉक्टरल व पोस्ट डॉक्टरल कार्यक्रम प्रदान करता है।

उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'नैशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ़) – 'इंडिया रैंकिंग 2016' में आईआईएसटी को भारतीय विश्वविद्यालयों में आठवां स्थान प्राप्त हुआ है ।

वांतरिक्ष इंजीनियरी, एविओनिकी, पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, गणित, और भौतिकी के क्षेत्रों में जनवरी - 2017 में शुरू होने वाले पीएचडी कार्यक्रम में भर्ती के लिए अत्यंत अभिप्रेरित आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पात्रता

न्यूनतम योग्यताएः

1. **जिन आवेदकों को इंजीनियरी / प्रौद्योगिकी में निष्णात की उपाधि प्राप्त है-**
   आवेदकों को इंजीनियरी / प्रौद्योगिकी प्रथम श्रेणी की या समकक्ष निष्णात की उपाधि प्राप्त होनी चाहिए। उन्होंने अपने निष्णात की उपाधि योग्य गेट स्कोर के आधार पर प्राप्त की हो। जिन आवेदकों को उत्कृष्ट शैक्षिक अभिलेख के साथ अग्रणी विदेशी विश्वविद्यालयों से इंजीनियरी में एम.एस. या समकक्ष उपाधि या उत्कृष्ट शैक्षिक अभिलेख के साथ अनुसंधान के द्वारा एम. एस. की उपाधि प्राप्त हो, उन पर 'गेट' स्कोर के बिना विचार किया जा सकता है। जो आवेदक योग्य उपाधियों के साथ यूजीसी / सीएसआईआर नेट- जेआरएफ की योग्यता रखते हैं और उपर्युक्त गेट स्कोर अपेक्षाओं की पूर्ति करते हैं, उन्हें विशेष रूप से आवेदन देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
2. **जिन आवेदकों को विज्ञान में निष्णात की उपाधि प्राप्त हो-**

आवेदकों को संबंधित क्षेत्र में प्रथम श्रेणी की या समकक्ष निष्णात की उपाधि प्राप्त होनी चाहिए। उनको संबंधित विषयों में यूजीसी/सीएसआईआर नेट/जेस्ट या गेट की योग्यता होनी चाहिए। जो आवेदक जेस्ट स्कोर के साथ आवेदन करते हैं, उनका रैंक प्थम 300 के भीतर होना चाहिए।

3. **जिन आवेदकों को इंजीनियरी /प्रौद्योगिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त हो -**
   जिन आवेदकों को उत्कृष्ट शैक्षिक अभिलेख के साथ इंजीनियरी में स्नातक की उपाधि प्राप्त हो तथा अनुसंधान में रूझान हो, उन पर पीएचडी कार्यक्रम में सीधे प्रवेश के लिए विचार किया जाएगा। ऐसे आवेदकों को 10 में से 9.0 या बेहतर सीजीपीए एवं 675 या बेहतर वैध गेट स्कोर प्राप्त किया होना जरूरी है। आईआईटियों के बी. टेक. छात्रों को 10 में से 9.0 या उससे बेहतर सीजीपीए हो उन्हें गेट की आवश्यकता नहीं।

आयु सीमाः आवेदक की आयु दिसंबर 08, 2016 को 28 वर्ष से कम होनी चाहिए। भारत सरकार के नियमानुसार उच्च आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

राष्ट्रीयताः आवेदक को भारतीय नागरिक होना चाहिए।

जो आवेदक अंतिम वर्ष/ अंतिम सत्रक में परिणामों की प्रतीक्षा में हैं, वे भी आवेदन देने के लिए पात्र हैं, बशर्ते कि उनको अपेक्षा के अनुसार गेट/नेट की योग्यता हो। वर्तमान वर्ष/ सत्रक तक उनके द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर परीक्षा/साक्षात्कार के लिए ऐसे आवेदकों की छानबीन की जाएगी। परीक्षा/साक्षात्कार में उनके निष्पादन के आधार पर ऐसे आवेदकों का अनंतिम रूप से चयन किया जा सकता है, बशर्ते कि वे अपने अनंतिम प्रवेश पत्र पर दी गई अनुबंधित तारीख के अंदर अंकों के अपेक्षित प्रतिशत के साथ योग्यता उपाधि प्राप्त करने का अनंतिम प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। यदि वे इस तारीख तक अनंतिम / उपाधि प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असफल होते हैं तो उनका प्रवेश प्रस्ताव वापस लिया जाएगा और प्रस्ताव प्रतीक्षा सूची में आने वाले अगले पात्र आवेदक को दिया जा सकता है।

विशेष मामलों में, अंनतिम रूप से चयनित आवेदकों को कार्यारंभ की अनुबंधित तारीख में अनंतिम / उपाधि प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए बिना आईआईएसटी में प्रवेश करने के लिए अनुमति निम्नलिखित शर्तों के आधार पर दी जा सकती हैः-

क. कार्यारंभ के समय पर आवेदक सभी परीक्षाएं, परियोजना कार्य एवं मौखिक परीक्षा सहित योग्यता उपाधि प्राप्त करने के लिए सभी अपेक्षाएं पूरी की हों।

ख. कार्यारंभ के समय पर आवेदक को विश्वविद्यालय / संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया ऐसे पाठ्यक्रम समापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जो यह विशेष रूप से पुष्टि करें कि आवेदक ने योग्यता उपाधि के लिए सभी परीक्षाएं, परियोजना कार्य एवं मौखिक परीक्षा पूरी की है।

ग. यदि उपर्युक्त शर्तों को पूरा किया जाता है तो, आवेदक को इस वचनबंध के साथ अनंतिम प्रवेश दिया जा सकता है, कि वे सभी लंबित प्रमाणपत्रों, अंक तालिकाओं, उपाधि प्रमाणपत्रों (मूल या अनंतिम) आईआईएसटी में 30 अप्रैल, 2017 तक प्रस्तुत करेंगे। ऐसा न करने पर प्रवेश रद्ध माना जाएगा। ऐसे छात्र जिनको आईआईएसटी में पीएचडी कार्यक्रम के लिए उपर्युक्त (ग) के अनुसार अंनतिम रूप से प्रवेश दिया जाता है, उनको अपेक्षित प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करने से पहले उस अवधि के दौरान कोई अध्येतावृत्ति नहीं दी जाएगी। फिर भी, अनुबंधित तारीख से पहले सभी आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने से प्रवेश नियमित हो जाने पर, आवेदक को कार्यारंभ करने की तारीख से पूर्वव्यापी प्रभाव के साथ अध्येतावृत्ति दी जाएगी।

जो आवेदक सरकारी/ अर्ध सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम / स्वायत्त निकाय आदि में नियुक्त हैं, उनको अपने नियोक्ता से 'अनापति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.)' साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

जनवरी 2017 पी एच डी प्रवेश के लिए अनुसंधान क्षेत्र				
क्रम सं	**विभाग**	**विभाग कोड**	**अनुसंधान क्षेत्र**	**पात्रता**
1	वांतरिक्ष इंजीनियरी	AE/ IIST/ 01	यथार्थता मशानिंग, प्रगत विनिर्माण	यांत्रिक या समकक्ष शाखाओं में बी. ई. / बी. टेक. के साथ विनिर्माण / उत्पादन इंजीनियरी या समकक्ष शाखाओं में एम. ई. / एम. टेक. / एम. एस.
2	वांतरिक्ष इंजीनियरी	AE/ IIST/ 02	संपीड्य प्रवाह / गैस गतिकी	यांत्रिक / वांतरिक्ष / वैमानिकी / रसायन इंजीनियरी में या समकक्ष शाखाओं में एम. ई. / एम. टेक. / एम. एस.
3	वांतरिक्ष	AE/ IIST/ 03	अरैखिक परिमित	संरचनात्मक अभिकल्पन एवं

	इंजीनियरी		तत्व निरूपण	विश्लेषण या समकक्ष से संबंधित शाखाओं में विशेषज्ञता के साथ यांत्रिक / वांतरिक्ष / सिविल इंजीनियरी में एम. ई. / एम. टेक. / एम. एस. या समकक्ष उपाधि
4	वांतरिक्ष इंजीनियरी	AE/ IIST/ 04	नैनो सम्मिश्रों की यांत्रिकी	वांतरिक्ष (संरचनाएं), यंत्र अभिकल्पन, इंजीनियरी यांत्रिकी,संरचनात्मक इंजीनियरी या समकक्ष शाखाओं में एम. ई. / एम. टेक. / एम. एस.
5	वांतरिक्ष इंजीनियरी	AE/ IIST/ 05	1) उच्च गति प्रवाहों के बृहत भंवर अनुकरण 2) अभिकलानीय वायुध्वनिक 3) उच्च गति प्रवाहों में चुंबकीय - द्रव गतिकीय प्रवाह नियंत्रण	वायुगतिकी, तरल यांत्रिकी एवं सीएफडी या समकक्ष में पृष्ठभूमि के साथ वांतरिक्ष/ यांत्रिक इंजीनियरी में एम. ई./ एम. टेक/ दोहरी उपाधि या समकक्ष उपाधि
6	वांतरिक्ष इंजीनियरी	AE/ IIST/ 06	संरचनात्मक इंजीनियरी	सिविल / यांत्रिक / वांतरिक्ष/ वैमानिक इंजीनियरी में बी. ई / बी. टेक या समकक्ष उपाधि के साथ संरचनात्मक इंजीनियरी/ इंजीनियरी संरचनाएं/ अनुप्रयुक्त यांत्रिकी/ इंजीनियरी यांत्रिकी/ वांतरिक्ष (संरचनाएं)/ यंत्र अभिकल्पन में एम. ई./ एम. टेक./ एम. एस. या समकक्ष उपाधि
7	वांतरिक्ष इंजीनियरी	AE/ IIST/ 07	शक्ति इलेक्ट्रोनिकी	विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी / इलेक्ट्रोनिकी एवं संचार इंजीनियरी में बी. ई / बी. टेक या समकक्ष उपाधि के साथ शक्ति इलेक्ट्रोनिकी/ शक्ति तंत्रों / नियंत्रण प्रणालियों में एम. ई./

				एम. टेक. या समकक्ष उपाधि
8	पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान	ESS/ IIST/ 01(तीन रिक्त ....)	खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी	भौतिकी, खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में एम. एस. सी. / एम. एस./इंजीनियरी भौतिकी, भौतिक विज्ञान में बी. टेक. / भौतिकी में बी एस. – एम. एस. या समकक्ष उपाधि
9	पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान	ESS/ IIST/ 02	सुदूर संवेदन	सुदूर संवेदन / सुदूर संवेदन एवं जीआईएस/ भू सूचना विज्ञान/ अंकीय प्रतिबिंब संसाधन/ भौगोलिक सूचना या समकक्ष शाखाओं में सुदूर संवेदन पर पाठ्यक्रम के साथ एम. ई. / एम. टेक. टिप्पणी : चयन होने पर शोधकर्ता को मानग्रोव वनों से आंकड़ा एकत्रित करना और गहन क्षेत्र सर्वेक्षण करना होगा।
10	गणित	MA/ IIST/01	पंक्तिरूपण सिद्धांत	गणित / सांखिकी में एम.एस.सी./ एम.एस. या समकक्ष उपाधि
11	गणित	MA/ IIST/02	संख्यात्मक विश्लेषण	गणित में एम.एस.सी./ एम.एस. या समकक्ष उपाधि
12	भौतिकी	PH/ IIST/ 01	अरैखिक गतिकी	भौतिकी में एम.एस.सी./ बी. एस. – एम. एस, बी. टेक. (इंजीनियरी भौतिकी) या समकक्ष उपाधि .
13	भौतिकी	PH/ IIST/ 02	युक्ति भौतिकी एवं नैनो - इलेक्ट्रोनिकी	पदार्थ विज्ञान / नैनो प्रोद्योगिकी / इलेक्ट्रोनिकी में एम. ई. / एम. टेक या भौतिकी में एम.एस.सी./ बी. एस. – एम. एस, बी. टेक. (इंजीनियरी भौतिकी) या समकक्ष उपाधि

अनुसंधान अध्येतावृत्ति

1. गेट एवं यूजीसी/ सीएसआईआर नेट- जेआरएफ/ जेस्ट योग्य छात्रों के लिए `25,000/- प्रति महीना अनुसंधान अध्येतावृत्ति। (यूजीसी/ सीएसआईआर नेट-

जेआरएफ के साथ चयनित शोध छात्र संबंधित संगठनों से अध्येतावृत्ति आहरित करेंगे।)

2. अध्येतावृत्ति दो साल के अनुसंधान के बाद निष्पादन समीक्षा के आधार पर बढ़ा दी जाएगी
3. शोधकर्ताओं को ट्यूटोरियल /प्रयोशालाओं में प्रायोगिक प्रशिक्षण या समान शैक्षिक कार्यकलापों में प्रति हफ्ते 6 घंटे तक विभाग की सहायता करनी होगी।
4. शोधकर्ताओं को आवास व्यवस्था/ चिकित्सा सुविधाएं जैसी संस्थान द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए आईआईएसटी के नियमानुसार शुल्क एवं प्रभार का भुगतान करना होगा।

चयन प्रक्रिया

1. आवेदन केवल **ऑनलाइन** द्वारा **दिसंबर 08, 2016** तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. पात्र आवेदकों में से उनके लागू गेट/नेट स्कोर के आधार पर लघु सूची तैयार की जाएगी। **इसलिए छात्रों को यह सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित गेट स्कोर दर्ज करें।**
   - **जिस गेट स्कोर के द्वारा निष्णात की उपाधि हासिल की**
   - **यदि आवेदक ने एक से अधिक गेट स्कोर प्राप्त किया है तो सर्वोत्तम गेट स्कोर**
3. लिखित परीक्षा या साक्षात्कार के लिए लघुसूचित आवेदकों की सूची आईआईएसटी वेबसाइट में **दिसंबर 21, 2016** को प्रदर्शित की जाएगी।
4. जिन आवेदकों ने आवेदन दिया है उनके आधार पर, आईआईएसटी तिरुवनंतपुरम में **जनवरी 04 - 06, 2017** के दौरान साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा और उसके आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। **यदि पीएचडी प्रवेश के लिए लघुसूचित आवेदकों की संख्या ज्यादा है तो, साक्षात्कार के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी जिससे लघुसूचित आवेदकों की सूची बनाई जा सकें।**
5. अंतिम साक्षात्कार के एक हफ्ते के अंदर चयनित आवेदकों को उनके चयनित होने की सूचना दी जाएगी। आईआईएसटी वेबसाइट में 11 जनवरी, 2017 को परिणामों का प्रदर्शन किया जाएगा।
6. बाहरी आवेदकों को साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए आवेदन में उल्लिखित जगह से तिरुवनंतपुरम तक सबसे छोटे रास्ते से आने जाने का स्लीपर श्रेणी का रेल/ बस किराया या भुगतान किया गया यथार्थ किराए (जो भी कम हो) की क्षतिपूर्ति की जाएगी। आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे तिरुवनंतपुरम में ठहरने की व्यवस्था स्वयं करें।

कैसे आवेदन देना हैः-

1. आईआईएसटी वेबसाइट में आवेदन ऑनलाइन रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। केवल ऑनलाइन द्वारा प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।
2. आवेदकों को एक बार प्रस्तुत प्रोफाइल पंजीकरण पर कोई भी परिवर्तन लाने की अनुमाति नहीं दी जाएगी। अतः आवेदक को प्रोफाइल भरते वक्त अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए।
3. आवेदन शुल्क `250/- प्रति विभाग (अ.ज./अ.ज.जा./अ. पि.व. एवं महिला उम्मीदवारों के लिए `125/- प्रति विभाग) यदि आवेदक पात्र है और विभाग के एक से अधिक क्षेत्र में आवेदन देना चाहते हैं तो उनको अतिरिक्त शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा. फिर भी ऐसे आवेदक जो उसी विभाग में एक से अधिक शोध क्षेत्रों में आवेदन देना चाहते हैं, उन्हें वरीयता के आधार पर अपने पसंदीदा शोध क्षेत्रों को अंकित करना होगा । आवेदन शुल्क वापस नहीं दिया जाएगा।
4. सभी आवेदकों को साक्षात्कार के समय प्रमाण के रूप में संबंधित विभाग कोड के बैंक चलान कॉपी लानी होगी।
5. **जो आवेदक सरकारी/ अर्ध सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम / स्वायत्त निकाय आदि में नियुक्त हैं, उनको अपने नियोक्ता से 'अनापति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.)' साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।**

6. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./अपंग व्यक्ति (अ.व्य) आवेदकों को निर्धारित तारीख से पहले संगत प्रमाण पत्र अपलॉड करना होगा।

महत्वपूर्ण तारीखें

क्रम. सं.	**घटना**	**तारीख**
1.	आवेदकों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट खुलने की तारीख व समय	25.11.2016 (16.00 घंटे)
2.	आवेदन शुल्क के भुगतान करने के लिए वेबसाइट खुलने की तारीख	29.11.2016
3.	आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के लिए आईआईएसटी वेबसाइट के खुले रहने की अंतिम तारीख	08.12.2016 (17.00 घंटे)
4.	आवेदन शुल्क के भुगतान एवं चलान अपलॉड करने की अंतिम तारीख	14.12.2016

5.	लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए आवेदकों की लघुसूची का प्रदर्शन करने की संभाव्य तिथि	21.12.2016
6.	साक्षात्कार की संभाव्य तिथि	4.1.2017 - 6.1.2017
7.	आईआईएसटी वेबसाइट में चयनित आवेदकों की सूची (प्रवेश के लिए) प्रदर्शित करने की संभाव्य तिथि	11.01.2017
8.	सभी चयनित छात्रों को रिपोर्ट करने की संभाव्य तिथि	16.01.2017
9.	कक्षाएं प्रारंभ होने की संभाव्य तिथि	18.01.2017

विज्ञा.सं.आईआईएसटी / प्रशा / भ. एवं स. /13/2016 दिनांक 25.11.2016